घर ऐसा देना माँ जो तेरे मंदिर जैसा हो

घर ऐसा देना माँ जो तेरे मंदिर जैसा हो,
जैसा है भवन तेरा मेरा आँगन पावन ऐसा हो,
घर ऐसा देना माँ जो तेरे मंदिर जैसा हो॥

जब तक जीवन ज्योत जले माँ तेरी ज्योत जलाऊ मैं,
हर एक सांस में माता रानी तेरा शुकर मनाऊ मैं,
ये नियम निभाऊ मैं माँ समय भले ही कैसा हो,
घर ऐसा देना माँ जो तेरे मंदिर जैसा हो॥

हर एक साधु संत को मैया घर मेरे सामान मिले,
करू फकीरों की सेवा मैं बस इतना धनदान मिले,
अरदास मेरी जैसी माँ सब कुछ वैसा वैसा हो,
घर ऐसा देना माँ जो तेरे मंदिर जैसा हो॥

रहे तेरे चरणों में दाती ये परिवार हमारा,
रोज सुबह उठते ही बोले हम तेरा जयकारा,
हर साल तेरे दर से माँ दर्शन का संदेशा हो,
घर ऐसा देना माँ जो तेरे मंदिर जैसा हो........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24178/title/ghar-aisa-dena-maa-jo-tere-mandir-jaisa-ho

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |